# संपादक की कलम से ...



नव वर्ष 2025 के शुभारंभ के पावन अवसर पर क्षत्रिय पवार समाज, भोपाल की अपनी गृह पत्रिका "भोज ज्योति" के नवीनतम 13 वें अंक को आपके हाथों में सौंपकर अत्यंत हर्ष हो रहा है। किसी भी समाज का दर्पण उसका साहित्य ही होता है, इसी परिकल्पना को साकार करने का अहम कार्य श्री वासुदेव भादे जी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना भादे जी के अथक प्रयास से वर्ष 1998 में हुआ था, जिसे हम पूर्ण सम्मान के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे है।

समाज की व्याख्या करना या आदर्श समाज एवं सामाजिक मूल्यों पर लिखना एक आम इंसान के सामर्थ्य से बाहर की बात है, फिर भी हमारे पूर्वजों द्वारा जो विरासत हमें सामाजिक परंपरा एवं सामाजिक मूल्यों के रुप में सौंपी है, या यूं कहे सौंपते आ रहे है, उन आदर्शों को स्वयं आत्मसात करते हुए आने वाली पीढ़ियों को सौंपकर उन्हें आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के प्रयास करना हम सबका पुनित कर्त्तव्य है।

वर्ष 2013 में पवार समाज, भोपाल की बागड़ोर युवा पीढ़ी के हाथों में सौंपने के बाद एक नई सोच के साथ सामाजिक क्रांति का उदय हुआ एवं कई चुनौतियों के साथ समाज के वर्षों से जहेन में संजोए गये कार्यों को सीढ़ी दर सीढ़ी पूर्ण करने के साथ प्रत्येक नए वर्ष को एक सामाजिक पर्व का नाम देने की परंपरा प्रारंभ हुई, जिसका श्रीगणेश "समर्पण वर्ष" से किया गया था। इस अनोखी पहल के तहत पर्व के नाम को सार्थकता प्रदान करने के लिए उस पर पूरे मन से टीम भावना के साथ कार्य भी किये गये, जिनका भलीभूत रुप आज हम रायसेन रोड़ स्थित समाज की स्वधरा" पवारांगन" के रुप में देख रहे है। समाज द्वारा प्रारंभ से लेकर आज तक जो भी समाज हित में कार्य किये गये है, उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनके पोषण के लिए आवश्यक कदम उठाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 को हम "संरक्षण" वर्ष के रुप में मनाने जा रहे है।

हमारी संपूर्ण कार्यकारिणी एवं क्षेत्र प्रतिनिधियों के सामुहिक भगीरथ प्रयास से "भोज ज्योति" के 13 वें अंक में मुख्य रुप से भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत सामाजिक बंधुओं की रंगीन फोटों सहित विस्तृत पारिवारिक जानकारी प्रकाशित करने का पूरा प्रयास किया गया है। हमारे सम्मानीय पदाधिकारी एवं क्षेत्र प्रतिनिधियों के संपूर्ण प्रयास के बावजूद जिन सामाजिक बंधुओं द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अपनी पारिवारिक जानकारी हम तक नहीं पहुंचा सके है, उनके परिवार की भी जानकारी विगत वर्षों में प्रकाशित भोज ज्योति पत्रिका एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त कर प्रकाशित करने का भरसक प्रयास संपादक मंडल द्वारा किया गया है, फिर भी जानकारी प्रकाशन में कुछ त्रुटियां संभव है, इसके लिए हम

**नव वर्ष की मंगल कामनाओं सहित,**

**पंजाबराव बारंगे**
**सचिव**
**क्षत्रिय पवार समाज, भोपाल**